ज्ञान शान्ति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित **केंद्रीय विश्वविद्यालय**)
*Mahatama Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha*
(**A Central University** Established by Paliarment by Act No.3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**अखिलेश कुमार दुबे**
PROF. AKHILESH KUMAR DUBEY
**आचार्य / प्रभारी**
PROFESSOR / IN-CHARGE

**प्रेस विज्ञप्ति**

**क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज मे सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ**

आज दिनांक 28/10/02109 को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र के प्रभारी प्रोफेसर अखिलेश कुमार दुबे के संबोधन से हुई। प्रभारी महोदय ने कहा कि सतर्कता जागरूकता के अंतर्गत हमें भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु केवल शपथ लेने के अतिरिक्त इसे अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। जब तक हम लोग दिल से और व्यावहारिक जीवन में इसको अपनाएँगे नहीं तब तक भ्रष्टाचार मुक्त भारत का हमारा संकल्प पूरा नहीं होगा। तत्पश्चात डॉ.अनुराधा पाण्डेय ने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवायी। कार्यक्रम में डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी, डॉ. रिचा द्विवेदी, डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय, डॉ. प्रभात कुमार सिंह, डॉ. आशा मिश्रा,श्री जयेन्द्र जायसवाल, प्रमोद कुमार तिवारी, राहुल त्रिपाठी, बिरजू प्रसाद प्रजापति जगजीवन राम प्रजापति, देवमूर्ति द्विवेदी ,रोहित कुमार एवं छात्र- छात्रायें प्रमुखता से उपस्थित रहे।

(अखिलेश कुमार दुबे)